# रुविवि व आईआईएम काशीपुर के सहयोग से तैयार होंगे नए उद्यमी

अमृत विचार, बरेली

**सम्मान समारोह**

- **विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों व संस्थानों को मिला आरएमए अचीवर्स अवार्ड**
- **आईआईएम काशीपुर व एमजेपीआरयू यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग पर हस्ताक्षारित हुआ एमओयू**

रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय और आईआईएम काशीपुर के साथ मिलकर शनिवार को स्टेशन रोड स्थित एक निजी होटल में विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को आरएमए अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह, बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, इंटरटेनमेंट के साउथ एशिया हेड राहुल जौहरी और आरएमए के अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, उपाध्यक्ष डा. विनय खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, सचिव कदीर अहमद और प्रोग्राम निदेशक डा. नीरज सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया।

रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में आरएमए अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किए गए शिरीष मेहरोत्रा, आशीष खंडेलवाल, दिनेश गोयल, आदित्य मूर्ति। इस मौके पर रुविवि के कुलपति प्रो . केपी सिंह समेत अन्य उद्यमी भी मौजूद रहे। ● अमृत विचार

पुरस्कार समारोह में आरएमए के सदस्य शिरीष मेहरोत्रा को यूपी बार एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने, बीएल एग्रो के एमडी आशीष खंडेलवाल को बिजनेज लीडरशिप, रामा श्यामा पेपर्स मिल के सीएमडी दिनेश गोयल को इंडस्ट्रीज डेवलमेंट व एसआरएमएस ट्रस्ट के आदित्य मूर्ति को चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करने के लिए अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रो. केपी सिंह ने कहा कि युवाओं को प्रबंधन के गुणों के साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर होना चाहिए। उद्योग जगत और विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए आज अनेकों नई योजनाएं उपलब्ध हैं। नए स्टार्टअप प्रारंभ होने से निश्चित रूप से रोजगार बढ़ेंगे। इस दौरान आरएमए के अध्यक्ष डा मनीष शर्मा ने बताया कि आरएमए के प्रयासों से ही आईआईएम काशीपुर के साथ नए उद्यमों के विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के कुलपति केपी सिंह की ओर से बरेली में नए स्टार्टअप शुरु करने के लिए एमओयू पर सहमति बनी। समारोह के दौरान आरएमए की बेवसाइट आरएमबीएलवाई डाट काम का भी विमोचन किया गया। इस दौरान डा. एनएल शर्मा,

केबी अग्रवाल, केबी जौहरी, उमेश धीरवानी, मोहन गुप्ता, संदीप तिवारी, निखिल अग्रवाल, दिनेश जौहरी, प्रो विनय रिषीवाल, दिनेश सिंह उपस्थित रहे। संचालन डा. नीरज सक्सेना, डा. स्वतंत्र कुमार ने किया।